10. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाएँ – [2]

अ, नि

11. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाएँ – [2]

दार, ता

12. निम्नलिखित शब्दों का संधि करें – [3]

दिक् + अंबर, वि + सम, सम् + योग

13. निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद करें – [2]

मनोयोग, नीरोग

14. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें – [4]

(क) निशा ने अच्छा गाना गाया। (कारक चिह्न चुनकर भेद लिखें)

(ख) कोई तो आज आएगा। (सर्वनाम शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ग) राहुल ने पौधे लगाए। (वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(घ) वह लोग आ गए हैं। (वाक्य शुद्ध करें)

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018-2019

हिन्दी भाषा

कक्षा : VII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें। [15]

(क) प्रदूषण से आप क्या समझते हैं ? यह किन-किन रूपों में मानवता को हानि पहुँचा रहा है ? प्रदूषण से सुरक्षित रहने में वृक्षों की उपयोगिता का वर्णन करें।

(ख) दिनभर की पढ़ाई एवं खेलकूद के बाद यदि आपके पास कुछ समय बचता है, तो आप उसे किस प्रकार बिताना पसंद करते हैं ? और क्यों ?

(ग) यदि मैं शिक्षक/शिक्षिका होता/होती

(घ) मानव के जीवन में मित्रों का क्या महत्त्व है ? वे किस प्रकार जीवन को प्रभावित करते हैं ? वर्णन करें।

(ङ) आपके चाचाजी ने आपको जन्मदिवस के अवसर पर दो हजार रूपए उपहार में दिए। बताइए कि आपको कैसा लगा और आपने उस राशि को किस प्रकार खर्च किया ? तथा क्यों ?

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लिखें। [10]

(क) नए विद्यालय का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखें।

(ख) अपने किसी अपराध की क्षमा माँगते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

{Turn Over}

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अपने शब्दों में उत्तर दें।

महात्मा बुद्ध के समय की घटना है, एक बार अकाल पड़ा लोगों ने अपने घरों में रखे अनाज से कुछ समय तक गुजारा किया। वह दिन भी आ गया जब सब कुछ समाप्त हो गया। लोग भूख से मरने लगे। परन्तु सम्पन्न व्यक्ति अभी भी मजे में थे। उनके रहन-सहन में कोई अंतर नहीं आया था।

बुद्ध वहाँ आए। एक धर्म-सभा हुई। वहाँ के धनी तथा सम्पन्न नागरिक भी बुद्ध का प्रवचन सुनने आए। बुद्ध ने थोड़े समय तक धर्म तथा कर्त्तव्य के उपदेश दिए फिर अकालपीड़ितों के कष्टों पर प्रकाश डालते हुए, सभा में उपस्थित धनी एवं सम्पन्न लोगों से सहायता के लिए आगे आने को कहा। परन्तु कोई भी धनी सेठ मदद के लिए आगे नहीं आया। बुद्ध को निराशा हुई। अचानक उन्होंने मधुर और बारीक सी आवाज सुनी "भगवन् इस काम को मैं करूँगी।" बुद्ध ने आश्चर्य से देखा एक तेरह-चौदह वर्ष की बालिका हाथ जोड़कर उनके सामने खड़ी थी। बुद्ध ने कहा "वत्स तुम इस काम को करोगी जिसे ये सब साधन-सम्पन्न लोग करने को तैयार नहीं हैं, कैसे ? बालिका ने कहा "मैं घर-घर जाकर मुट्ठी भर अन्न माँगूगी और अकालपीड़ितों की सहायता करूँगी।" बालिका के उत्साह ने धनियों को भी प्रभावित किया। उन्होंने ने भी इन सहायता कार्य में जुट जाने का निश्चय किया।

साहस, मुश्किलों एवं कष्टों से लड़ना केवल किसी विशेष व्यक्ति अथवा विशेष उम्र वालों की ही नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी है। लोक-कल्याण में छोटी उम्र की भी उतनी ही उपयोगिता और आवश्यकता है जितनी कि बड़ी उम्र की।

प्रश्न (क) बुद्ध के समय कौन सी घटना घटी ? और उसका परिणाम क्या हुआ ? [3]

प्रश्न (ख) बुद्ध को निराशा क्यों हुई ? [3]

प्रश्न (ग) बुद्ध ने किसे आश्चर्य से देखा ? और क्यों ? [3]

प्रश्न (घ) बालिका ने क्या कहा ? और उसके कहने का क्या प्रभाव पड़ा? [3]

प्रश्न (ङ) इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें (शब्द उतारें) [4]

देवता, बंदर, नौका, पुत्र

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें - (शब्द उतारें) [4]

गुरू, पक्ष, भूत, मान, नवीन, चल, प्रेम, निर्मल

6. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें (शब्द उतारें) [4]

पट, नाग, घट, गुण

7. निम्नलिखित श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें। (शब्द उतारें)[4]

निधन -	प्रसाद -	धरा -	दिन -
निर्धन -	प्रासाद -	धारा -	दीन -

8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें। [4]

जो कम जानता हो -

किसी चीज का न होना -

जिसका हृदय विशाल हो -

जिसे करना कठिन हो -

9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ[4]

घी के दीये जलाना, तलवे चाटना, कान भरना, चार चाँद लगाना [4+3]

{Turn Over}

www.upboardpaperonline.com